गतिविधि 12. *अच्छा बच्चों अब हम एक कहानी पढ़ेंगे जिसका नाम है 'मोती'–*

'मोती'

एक लड़की थी। उसका नाम गुड़िया था। गुड़िया ने एक तोता पाला। उसका नाम रखा मोती। मोती भूखा था, वह जोर जोर से टें–टें करने लगा। टें–टें सुनकर गुडिया दौड़ी आयी। उसने मोती को हरी मिर्च दी। मिर्च खा कर मोती और गुड़िया खेलने लगे।

इस चित्र में अपनी पसंद से रंग भरिये

- बच्चों क्या आपने भी कभी कोई जानवर या पक्षी को पाला है? उसके बारे में लिखो।

....

....

गतिविधि 13. *बच्चों आपको इस कविता को पूरा करना है और इसका नाम भी सोचना है।*

धूप सुबह की चढ़ते ही जब,
बुलबुल आई, बुलबुल आई,
आँगन में फिर मेरे मानो,
खुशियाँ छायी, खुशियाँ छायी,
....
....
....
....

कविता का नाम

....

वर्कशीट निर्माणकर्ता –

त्रिविक्रम पंवार, मंजू भारती,
प्रभा बिष्ट, मीना सजवान,
संजीवगोश्वामी, ज्योति शुक्ला,
अमित कूर्मंचली, आशीष गोश्वामी
ब्लाक – उखीमठ, रुद्रप्रयाग

तकनीकी सहयोग
–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

कक्षा– 2, वर्क शीट–9 (साप्ताहिक)

पाठ– 9 (बुलबुल)

बच्चे का नाम..........................	स्कूल..
अभिभावक का नाम....................	मोबाइल नम्बर..............................

अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।

गतिविधि 1. *अभिभावक बच्चों को दिया गया चित्र दिखाएं, और नीचे दिए बिन्दुओं पर चर्चा करें।*

- बच्चों के साथ अपने आस–पास दिखने वाले पक्षियों के बारे में बात करें।
- उन्हें यह चित्र दिखाते हुए इन पक्षियों के रंग, आकार आदि पर चर्चा करें और बात करें कि ये कौन–कौन से पक्षी हैं।
- आपने मुर्गा, मोर और बुलबुल को कैसे पहचाना? पूछें कि बुलबुल ऐसा क्या करती है जो गिलहरी नहीं कर सकती है?
- पक्षी अपना घर घास, पत्तों और धागों से बनाते हैं आपका घर किन किन चीजों से बना है?
- सिपाही बुलबुल की कलगी का रंग काला होता है और किन–किन पक्षियों की कलगी होती है?



गतिविधि 2. *ऊपर दिए गए चित्र को देखते हुए बच्चे पक्षियों के बारे में तीन बातें लिखें।*

....

....

....

गतिविधि 3. *नीचे कुछ वस्तुओं के नाम लिखे गए हैं, इनमे से छाँट कर अलग – अलग लिखो, जिनसे पक्षी अपना घर बनातें हैं और जिनसे आप अपना घर बनाते हो।*

घास बालू पत्थर पत्ते तिनके पानी

पक्षी का घर	हमारा घर
....	....
....	....
....	....

गतिविधि 4. *बच्चे नीचे दिए वर्णों को पहचान कर लिखने का अभ्यास करें।*

क्ष क्ष क्ष

छ छ

गतिविधि 5. *वर्णों को मिलाकर शब्द बनाएँ और पढ़ें।*

स क्ष म → [ ]

छ मा छ म → [ ]

गतिविधि 6. *नीचे दिए गए ग्रिड से शब्द पठन का अभ्यास करें।*

क्षमा	छाता	क्षत्रिय	पक्षी	चटाई	बौना
खिलौना	फौजी	सक्षम	इधर	घबराना	ठंडा
साँवला	घटना	बाघ	औरत	चौकीदार	सुबह
दैनिक	रूमाल	संकेत	मोर	थरमस	बैठना
छिलका	पकाऊ	तौलिया	उलझन	भयानक	मुलायम

गतिविधि 7. *जैसे कबूतर, तोता, कौआ और बुलबुल को पक्षी कहते हैं, वैसे ही इनको क्या कहते हैं, लिखिए।*

	नाम
गोभी, आलू, भिंडी	....
संतरा, केला, सेब	....
गाय, हाथी, कुत्ता	....
मूँग, चना, अरहर	....

गतिविधि 8. *नीचे कुछ पहेलियाँ दी गयी हैं आपको उनको पहचान कर उनके नाम लिखने हैं।*

हमें पहचानो

- मैं काली हूँ। मीठा गाना गाती हूँ। ....
- मैं हरा हूँ। लाल मेरी चोंच है। हरी मिर्च खाता हूँ। ....
- सूप जैसे कान हैं। मोटे-मोटे पाँव हैं। लंबे-लंबे दाँत हैं। ....
- सिर पर ताज है। दुम पर पैसा है। बादल देखकर नाचता हूँ। ....
- घरों में आता हूँ। सारी चीज़ें कुतर जाता हूँ। ....

गतिविधि 9. *नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।*

पेड़ – ***चिड़िया पेड़ पर बैठी है।***

मोर– ....

बादल– ....

पंख– ....

घोंसला – ....

गतिविधि 10. *नीचे दो चित्र दिए गए हैं आपको उनमे से कम से कम पाँच अंतरों को ढूँढना है और वंहा पर निशान लगाना है।*



गतिविधि 11. *हमारे आस पास अक्सर दिखने वाले पक्षियों के नाम लिखिए और उनमें से किसी एक का चित्र बनाइए।*

....

....

....

....

....

....